ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 16-11-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-11-16 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-11-17	2021-11-18	2021-11-19	2021-11-20	2021-11-21
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	15.0	15.0	15.0	16.0	16.0
न्यूनतम तापमान(से.)	4.0	5.0	5.0	6.0	6.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	35	55	55	50	50
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	70	70	65	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	4.0	4.0	4.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	100	310	310	310
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	2	2	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 15.0 से 16.0 व 4.0 से 6.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 4.0-7.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 21 से 27 नवम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल के लिए एनडीवीआई 0.3-0.5 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मैप 14 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक अत्यधिक नमी की स्थिति को दर्शाता है। रबी की फसलों की बुवाई से पहले किसान अपने-अपने खेतों को अच्छी प्रकार से साफ-सुथरा करें तथा खेत में सड़े गोबर की खाद का उपयोग करें क्योंकि यह मृदा के भौतिक तथा जैविक गुणों को सुधारती है तथा मृदा की जल धारण क्षमता भी बढ़ाती है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में मौसम शुष्क रहेगा| रबी फसलों की बुवाई हेतु खेत जुताई एवम् बीज बुवाई कार्य जारी रखें। बुवाई पूर्व बीज शोधन अवश्य करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूँ की विलम्ब दशा में बुवाई माह के द्वितीय पक्ष में कर सकते है।
मूली	बीज उत्पादन हेतु मूली की जड़ो का चुनाव कर, खेतो में प्रतिरोपण करे।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
लहसुन	पिछले माह बोई गई फसल में निराई-गुड़ाई कर हल्की सिंचाई करें।
गन्ना	पिछले माह बोई गई गन्ने की फसल में से खरपतवार निकाल दें तथा फसल में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आलू	घाटी क्षेत्रों में आलू फसलों मे मिट्टी चढ़ाने का कार्य करें।
गोभी	खेत से खरपतवार निकालकर फसल की सिंचाई करें तथा परिपक्व फसल को काटकर बाजार भेजें।
मिर्च	मिर्च में उपरी पत्तियॉ सिकुड़ने या चित्तकबरी होने की स्थिति में संक्रमित पौधो कों निकालकर नष्ट कर दे तथा रोगवाहक कीटो के नियंत्रण हेतु किसी सर्वांगी कीटनाशी का छिड़काव करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भैंस	पशुओ का ठंड से बचाने हेतु उचित व्यवस्था करें। पटेरा रोग से बचाव हेतु प्रसव होने के 10 दिन पश्चात् 10-15 सी0सी0 नीम का तेल नवजात को पिला दें। तदुपरांत 10 दिन पश्चात् पुनः 10-15 सी0सी0 नीम का तेल पिला दें। बथुए का तेल इसका रामबाण इलाज है।